अनुक्रमांक ..............................

कूट सं. : 820161.1-$SA_1$(M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

# कक्षा - आठवीं

# हिंदी

## (संकलनात्मक मूल्यांकन - I)

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 90

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं - खंड 'क' और खंड 'ख'।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खण्ड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5=5

किसी भी कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न हो सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फसल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। जो व्यक्ति समय की गति के साथ सामंजस्य बनाकर नहीं चल पाता, वह कभी अपने लक्ष्य

को प्राप्त नहीं कर पाता। समय को बड़ा बलवान भी कहा गया है क्योंकि समय के सामने किसी की नहीं चलती। उसकी शक्ति का लोहा सभी को मानना ही पड़ता है। समय ने बड़े-बड़े प्रतापी राजाओं के अहंकार को चकनाचूर कर दिया। अतः हमें सदा समय की कद्र करनी चाहिए। समय का चक्र अपनी निर्धारित गति से चलता रहता है। हमें उसका अनुसरण करना है।

(क) किसी भी कार्य का महत्त्व किस बात पर निर्भर करता है?

(ख) बादलों का गौरव कब तक है?

(ग) अच्छा कार्य भी कब निष्फल हो जाता है?

(घ) समय की शक्ति का लोहा क्यों मानना पड़ता है?

(ङ) इस गद्यांश से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - 1x

किस भाँति जीना चाहिए, किस भाँति मरना चाहिए,
सो सब हमें निज पूर्वजों से, याद करना चाहिए।
पदचिह्न उनके यत्नपूर्वक खोज लेना चाहिए,
निज पूर्व-गौरव-दीप को बुझने न देना चाहिए।
आओ मिले सब देश-बांधव हार बनकर देश के,
साधक बने सब प्रेम से सुख-शांतिमय उद्देश्य के।
क्या सांप्रदायिक भेद से है,ऐक्य मिट सकता अहो,
बनती नहीं क्या एक माला, विविध सुमनों की कहो।
प्राचीन हो कि नवीन, छोड़ो रूढ़ियाँ जो हों बुरी,
बनकर विवेकी, तुम दिखाओ, हंस जैसी चातुरी।

(क) हमें पूर्वजों से क्या सीखना चाहिए?

(i) मात्र जीना सीखना चाहिए।

(ii) मात्र मरना सीखना चाहिए।

(iii) अपने गौरव को बनाए रखना सीखना चाहिए।

(iv) अपने पूर्वजों को याद करना चाहिए।

(ख) 'विविध सुमनों' की एक माला से कवि क्या समझाना चाहता है?

(i) भिन्न-भिन्न प्रकार के फूलों की माला।

(ii) संगठित होकर मेल से एक माला बनकर रहना।

(iii) भिन्न-भिन्न रंग के एक ही फूलों की माला।

(iv) मिलकर एक ही माला बनाना।

(ग) काव्यांश में किन रूढ़ियों का त्याग करने की बात कही गई है?

(i) बुरी रूढ़ियों का त्याग (ii) प्राचीन रूढ़ियों का त्याग

(iii) नवीन रूढ़ियों का त्याग (iv) प्राचीन और नवीन, दोनों रूढ़ियों का त्याग

(घ) कवि ने 'हंस' के उदाहरण द्वारा क्या प्रतिपादित करना चाहा है?

(i) हंस जैसा दिखना (ii) हंस जैसा स्वतंत्र उड़ना

(iii) हँस कर दिखाना (iv) हंस जैसी चतुरता दिखाना

(ङ) प्रस्तुत काव्यांश क्या संदेश देता है?

(i) पूर्वजों जैसे जीने-मरने का संदेश

(ii) देश प्रेम का संदेश

(iii) विविध सुमनों से माला बनाने का संदेश

(iv) हंस जैसा बनने का संदेश

3. (क) (i) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> की संधि कीजिए - 1

महा + उत्सव, अनु+एवणा

(ii) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> का संधि-विच्छेद कीजिए - 1

उमेश, सदैव

(ख) (i) 'परा' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए। 1

(ii) 'पाठक' शब्द में से मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग कीजिए - 1

(ग) (i) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार तथा अनुनासिक का चिह्न उचित स्थान पर लगाइए - 1

भयाक्रात, बाका

(ii) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए –

काफी, जोर

4. (क) 'ऋण' शब्द का विशेषण बनाइए।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण शब्द छाँटकर विशेषण का भेद बताइए –

कई लोग खड़े हैं।

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए –

(i) संध्या (ii) शरीर

(ख) 'साकार' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए –

जिसका आचार अच्छा हो –

6. (क) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए –

उन कमरे में बिजली नहीं है।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम-चिह्न लगाइए –

थोड़ी बहुत आतिशबाजी तो होती रहनी चाहिए।

7. (क) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए –

सौहाद, जलगहण

(ख) (i) 'पत्र' शब्द का तद्भव रूप लिखिए।

(ii) 'मिट्टी' शब्द का तत्सम रूप लिखिए।

8. 'यमक' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

9. आपका छोटा भाई 'मेडिकल प्रवेश परीक्षा' की तैयारी कर रहा है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने की शुभकामना व्यक्त करते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

<u>अथवा</u>


प्रातः कालीन सैर के लाभ के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर (80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए - 5

(क) प्रकृति हमारी सच्ची मित्र (ख) खो गया है बचपन

(ग) मेरा प्रिय खेल

11. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को (50-60 शब्दों में) लिखिए - 5



12. खाद्य-पदार्थों में मिलावट के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 5

## खण्ड - 'ख'

13. निम्नलिखित दोहों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सीस मुकुट कटि काछनी कर मुरली उर माल।
यहि बानिक मो मन बसौ, सदा बिहारी लाल।।
× × × × × × × × × × × × × ×
रहिमन निज संपति बिना, कोउ न बिपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सकै बचाय।।

(क) बिहारी श्रीकृष्ण के किस रूप को अपने मन में बसाना चाहते हैं? 2

(ख) 'निज संपति' की आवश्यकता क्यों होती है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) 'जलज' और 'रवि' शब्दों के अर्थ बताइए। 1

14. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

उसके बाद मैं जिस संदूक में गया उसका नाम है - 'लाख की कोठरी।' नाम सुनकर मैं चौंक उठा। पांडवों को ऐसे ही एक घर में रखकर कौरवों ने आग लगा दी थी।

हुआ भी वही। मेरे घुसते ही कमरे को गर्म कर दिया गया। रॉकेट जब महाकाश से लौटकर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, उस समय वह इसी तरह गर्म हो जाता है। देखते-देखते मेरे चारों तरफ धुआँ उठने लगा। मैं पसीने से लथपथ होने पर भी बैठा रहा।

आधे घंटे के बाद मैं बाहर निकला। डॉक्टर ने कहा, "अच्छा! लगता है तुम आग में भी नहीं जलोगे।" बाद में सुना मेरी कोठरी का तापमान था 103 डिग्री फ़ारेनहाइट।

(क) गद्यांश में किस संदूक की बात की गई है? उसमें प्रवेश करते ही लेखक का क्या हाल हुआ?

(ख) रॉकेट पायलेट के चुनाव के लिए इस तरह की परीक्षा लेने का क्या कारण था?

(ग) लेखक की कोठरी का तापमान कितना था?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए - 2x6

(क) दरबारियों के दारा से जलन के मुख्य कारण क्या थे?

(ख) 'दुख में हार न मानो' कविता के आधार पर स्पष्ट करें कि 'बाजे बजाने' से कवि का क्या अभिप्राय है?

(ग) भोलाराम ने अपनी समस्या का क्या उपाय खोजा और इस अनुभव से वह किस सच्चाई पर पहुँचा?

(घ) 'कलश' कविता में कवि ने भगीरथ का उल्लेख क्यों किया है?

(ङ) कल्पना चावला को विदेशी परिवेश में ढलने में किस प्रकार मदद मिली?

(च) 'कामचोर' कहानी में अम्मा किन बातों से परेशान होकर आगरा जाने के लिए सामान बाँधने लगीं?

(छ) लेखक गोपाल-चतुर्वेदी ने पड़ोसी की केबल का तार काटने को किस प्रकार सही ठहराया?

16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए - $3 \times 4 = 12$

(क) 'कामचोर' कहानी में बच्चों द्वारा दरी साफ करते समय घर की क्या हालत हो गई?

(ख) 'परिश्रम करने से कभी हानि नहीं होती।' 'सितारों से आगे' पाठ के आधार पर प्रस्तुत कथन के संबंध में अपने विचार लिखिए।

(ग) 'अच्छे पड़ोसी के गुण' पाठ के आधार पर बताएँ कि अक्सर पड़ोसियों के बीच किन बातों को लेकर बहस होती थी?

(घ) कवि के अनुसार जीत कब होगी? 'कलश' कविता के आधार पर स्पष्ट करें।

(ङ) भोलाराम पंप क्यों लगवाना चाहता था? लोगों ने उसे क्या समझाया?

17. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - $1 \times 6 = 6$

(क) 'महाशून्य संदूक' रॉकेट पायलट बनने की कौन-सी सीढ़ी है?

(i) तीसरी सीढ़ी (ii) पाँचवी सीढ़ी

(iii) सातवीं सीढ़ी (iv) पहली सीढ़ी

(ख) दारा को कहाँ का गवर्नर बनाया गया?

(i) दक्षिणी ईरान (ii) पूर्वी ईरान

(iii) पश्चिमी ईरान (iv) उत्तरी ईरान

(ग) पटवारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद भोलाराम कहाँ पहुँचा?

(i) सिंचाई विभाग (ii) बिजली विभाग

(iii) वन विभाग (iv) खनिज विभाग

(घ) 'दुख में हार न मानो' कविता के कवि कौन हैं?

(i) गजेंद्र सोलंकी (ii) रहीम

(iii) बिहारी (iv) ललित किशोर लोहिमी

(ङ) कल्पना चावला कैलिफोर्निया की सिलकॉन ओनर सेट मैथड्स इन्फो में शोध वैज्ञानिक के रूप में कब जुड़ीं?

(i) सन् 1983 में (ii) सन् 1997 में

(iii) सन् 1995 में (iv) सन् 1998 में

(च) रहीम ने सज्जन व्यक्तियों की तुलना किससे की है?

(i) स्वाति नक्षत्र से (ii) दीपक से

(iii) मुक्ताहार से (iv) कमल से